Lakshadweep group of islands was approved; and

(b) if so, what are the specific schemes approved for tourism development in these islands and also the time-bound targets fixed in each case?

THE MINISTER OF TOURISM (MUFTI MOHD. SAYEED): (a) and (b) Yes, Sir. It was decided that a programme for tourism should be worked out as an integrated package However, no specific schemes were approved for tourism development in these Islands.

Talks with Afghan Foreign Minister

715. SHRI SUBAS MOHANTY: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the Foreign Minister of Afghanistan visited India in the last week of February, 1987; and

(b) if so, the nature of discussions held with him and the outcome thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) Views were exchanged on matters of mutual interest. It was agreed that both sides will continue the dialogue. The decision to hold the next session of the Indo-Afghan Joint Commission in Kabul later this year was reiterated.

दिल्ली में तिपहिया स्कूटर चालकों द्वारा यातायात के नियमों का उल्लंघन

716. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में मजलिस बांध के साथ आबकारी विभाग की शराब की दुकान के निकट पचास साठ तिपहिया स्कूटर चालक हर रोज अपने स्कूटरों पर छः या सात सवारी ले जाते हैं और स्कूटरों को अनधिकृत स्थानों पर खड़ा करते हैं और इस प्रकार स्थानीय पुलिस वालों तथा थानाध्यक्ष के साथ सांठ-गांठ करके जो कि इस प्रकार की अनदेखी करने के लिए उनसे 5/- प्रति स्कूटर वसूल करते हैं ; यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार के कदाचारों को रोकने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं और क्या सरकार इस संबंध में यातायात पुलिस को निदेश देने का विचार रखती है, और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार समय-समय पर इस मामले की खुफिया जांच कराने का विचार रखती है; और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री० पी० चिदम्बरम) : (क) और (ख). पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में मार्जीनल बाँध के साथ यात्री उतारने/चढ़ाने का कोई स्थान नहीं है । इसके परिणामस्वरूप पूर्वी दिल्ली को यात्री ले जाने वाले स्कूटर ड्राइवर शराब की दुकान के निकट सड़क के किनारे स्कूटर खड़े करते हैं । यह सही नहीं है कि टी० एस० आर० ड्राइवर स्थानीय पुलिस की सांठ-गांठ से यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हैं । जब कभी अधिक यात्री ले जाने के किसी मामले अथवा अन्य किसी यातायात अपराध का पता लगता है तो कानून के अनुसार अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाती है ।

1986 के दौरान अधिक यात्री चढ़ाने के लिए शराब की दुकान के निकट 66 टी० एस० आर० ड्राइवरों पर मुकदमा चलाया गया । दिल्ली पुलिस यातायात अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाती है । 1986 के दौरान अनुचित वाहन खड़े करने, अधिक भाड़ा लेने खराब मीटर और अन्य यातायात उल्लंघनों के लिए गलती करने वाले टी० एस० आर० ड्राइवरों के विरुद्ध, 79,358 चालान किए गए । 1986 के दौरान 126 टी० एस० आर० परमिट निलम्बित किये गये ।